बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

।। आदेश ।।

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल, युवाओं को बल'' के अधीन बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा महत्त्वाकांक्षी योजना **कुशल युवा कार्यक्रम** का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत संचालित सभी प्रकार के *प्रखण्ड कौशल विकास केन्द्रों (Block Skill Development Centers – BSDC)* के संचालक संस्थाओं को निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि सभी *BSDCs* के मासिक बिजली बिल का नियमित भुगतान अपने स्तर से सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

सर्वप्रथम, इस संबंध में सभी संचालक संस्था *BSDC* में लगाए गए बिजली कनेक्शन से संबंधित विवरण–यथा कन्ज्यूमर नंबर इत्यादि विहित प्रपत्र में संबंधित जिला कौशल प्रबंधक को दिनांक 19 अगस्त 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि जिला कौशल प्रबंधक अपने जिले के सभी *BSDCs* के बिजली कनेक्शन से संबंधित विवरणी समेकित कर बिहार कौशल विकास मिशन को दिनांक 22 अगस्त 2022 तक प्रेषित कर सकें।

तत्पश्चात्, सभी संचालक प्रत्येक माह की 15 तारीख तक *BSDC* के बिजली विपत्रों का ससमय भुगतान कर इसकी सूचना बिहार कौशल विकास मिशन को संबंधित जिला कौशल प्रबंधक/जिला नियोजन पदाधिकारी के माध्यम से उसी माह के 20 तारीख तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में *BSDC* के बिजली बिल के भुगतान से संबंधित मामलों की जांच की जाएगी एवं डिफॉल्टर संचालक संस्थाओं की सूची तैयार की जाएगी। यदि इस क्रम में यह पाया जाता है कि संचालक संस्था द्वारा आवंटित *BSDC* के अंतिम बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया है या पिछले कई मासिक बिलों का भुगतान लंबित है तो मिशन द्वारा ऐसे *BSDCs* के **Monthly KYP Invoice** के भुगतान को तब तक के लिए ***रोका*** जाएगा, जब तक डिफाल्टर संचालक संस्था अपने सभी *BSDCs* के अंतिम मासिक बिजली बिल का भुगतान कर मिशन को इसकी सूचना संबंधित जिला कौशल प्रबंधक/जिला नियोजन पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध नहीं करा देते हैं। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा प्रत्येक माह की 05 तारीख को पुनः डिफॉल्टर संचालक संस्थाओं की सूची की ज़ांच की जाएगी और *BSDCs* के बिजली बिल भुगतान सुनिश्चित करने वाले संचालक संस्थाओं को **Monthly KYP Invoice** का भुगतान जारी कर दिया जाएगा।

ह०/–
(अतुल रंजन)
मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना।

ज्ञापांक संख्याः–BSDM/KYP भुगतान– 73/2022 "C"-927   पटना, दिनांक–12/08/2022

प्रतिलिपिः– सभी जिला कौशल प्रबंधकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. सभी जिला नियोजन पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मिशन प्रबंधक–वित्त एवं लेखा/ मिशन प्रबंधक – कार्यक्रम क्रियान्वयन/मिशन प्रबंधक–समन्वय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. Project Director, PMU, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Team Leader, FMAS (KRA & Co) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि जिला कौशल प्रबंधकों को Project Director, PMU, E&Y के माध्यम से इस संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए एवं BSDCs में लगे बिजली कनेक्शन संबंधी विवरण एकत्रित करने हेतु उन्हें विहित प्रपत्र भी उपलब्ध कराया जाए।
6. प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
7. विशेष सचिव, श्रम संसाधन विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

12/08/2022

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना।